प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

लोकसभा चुनाव

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान आरंभ हो गया है। देश में 17 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान जारी है। इस चरण में एक हजार 6 सौ 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पहले चरण में अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, उत्तराखंड और तमिलनाडु की सभी सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, असम और महाराष्ट्र की 5–5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, मणिपुर की 2 और छत्तीसगढ़, त्रिपुरा व जम्मू कश्मीर की एक–एक सीट पर भी चुनाव होगा।

ईसीआई

इस बीच लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव की अधिसूचना भी जारी हो गई है। इस चरण में 13 मई को 9 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव के लिए आज नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। तीसरे चरण में 10 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों में लोकसभा की 94 सीटों के लिए 7 मई को चुनाव होगा।

इधर हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर सातवें व अंतिम चरण में पहली जून को होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा 7 मई को अधिसूचना जारी की जाएगी।

बैठक

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में एक अहम बैठक होने जा रही है। लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र पार्टी ने मंडी के लिए संजय दत्त, हमीरपुर के लिए अनीस अहमद और कांगड़ा के लिए धीरज गुज्जर को ऑब्जर्बर नियुक्त किया है। आज शिमला में होने वाली बैठक ऑब्जर्बर संजय दत्त की अध्यक्षता में आयोजित होगी जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी शामिल होंगे।

कांग्रेस पार्टी के प्रचार और आगामी रणनीति को लेकर बैठक में चर्चा होगी। इसी प्रकार शिमला संसदीय सीट के लिए भी कल 20 अप्रैल को पार्टी के बैठक शिमला में आयोजित होगी।

हादसा

शिमला जिला के जुब्बल की झगटान–कोठू सड़क पर एक पिकअप कल शाम हादसे का शिकार हुई है जिसमें एक व्यक्ति और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि एक घायल का इलाज सिविल अस्पताल रोहडू में चल रहा है। यह घटना वाहन से सीमेंट उतारते समय घटित हुई और गाड़ी गहरी खाई में गिर गई।

भाजपा चुनाव

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और उप चुनावों को लेकर भाजपा का प्रचार तेजी से जारी है। शिमला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप आज रोहडू में चुनाव प्रचार करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर मंडी में और भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल कुल्लू में चुनाव प्रचार में तेजी लाने के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

स्वीप कार्यक्रम

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में स्वीप कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां करवाई जा रही हैं। इसके अलावा निर्वाचन विभाग भी मतदान को लेकर तैयारियों में जुटा है। लोकसभा चुनाव को लेकर कल शिमला में ज़िला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप की मौजूदगी में मतदान कर्मियों के लिए पहली रैंडमाइजेशन का आयोजन किया गया। उधर सोलन ज़िले के अर्की में स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी प्रकार कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रझान में भी स्वीप कार्यक्रम आयोजित हुआ। शिमला ज़िले में कोटखाई उपमंडल की पनोग पंचायत में भी मतदाता जागरूकता शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है किसान आंदोलन ने हिमाचल की तीन ट्रेनों की रोकी रफ्तार–हिमाचल एक्सप्रेस, हरिद्वार और अंबाला ट्रेन नहीं चली।

कांग्रेस की टिकटों पर फैसला फंसा, आज की बैठक टली शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है अब 23 को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की संभावना।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है भाजपा की नारी वंदन चुनावी भाषणों का हिस्सा।

दैनिक सवेरा टाईम्स की सुर्खी है एमआईएस के तहत खरीदे सेब के भुगतान के मुद्दे पर सरकार को घेरने लगी भाजपा।

दैनिक जागरण की एक खबर है डा. आस्था अग्निहोत्री का चुनाव लड़ने से इन्कार–कांग्रेस प्रत्याशियों का बढ़ा इंतजार । दिव्य हिमाचल का कहना है डिप्टी सीएम की बेटी नहीं लड़ेंगी चुनाव।

दैनिक भास्कर की एक खबर है ग्रेच्युटी की बकाया राशि जारी नहीं करने पर उच्च शिक्षा निदेशक को कारण बताओ नोटिस–कोर्ट ने माना अवमानना का मामला।

सभी स्कूलों में लगेंगी फेस रीडर बायोमीट्रिक मशीनें शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है शिक्षा विभाग स्कूलों को मुहैया करवाएगा बजट।

दिल्ली से गगल का हवाई किराया 23 हजार 500 पहुंचा शीर्षक से अमर उजाला लिखता है चेन्नई–पंजाब के बीच होने वाले मैच के दिना का हवाई टिकट पांच गुना महंगा हुआ।

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है हिमाचल में आज बारिश व बर्फबारी के साथ अंधड़ का अलर्ट जारी। दैनिक भास्कर के शब्द हैं 23 तक पश्चिमी विक्षोभ रहेगा सक्रिय, उंचे पहाड़ों में बर्फबारी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलेंगी।